तापमान

अधिकतम .30 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 छपोरा जल स्रोत पत्थर खदान में फ्लाईऐश औद्योगिक कचरा डंप, सेहत से खिलवाड़



## खबर संक्षेप



### बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर केन्द्राध्यक्षों को दी गई ट्रेनिंग

**रायगढ़।** बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह बैठक नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभा कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें जिले के सभी 109 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष एवं सातों विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी शामिल हुए। बैठक में माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### ईएसआईसी अस्पताल परसदा में बस सेवा शुरू



**रायगढ़।** बीमित श्रमिकों एवं उनके परिजनों को बेहतर, सुलभ एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कर्मचारी राज्य बीमा निगम ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में ईएसआईसी अस्पताल, परसदा द्वारा निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस पहल से दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले बीमित कर्मचारियों और उनके आश्रितों को अस्पताल तक आवागमन में होने वाली आर्थिक एवं व्यावहारिक कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

### एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश तिथि बढ़ी

**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी 11 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया राज्य शासन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी। पहले ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 11 फरवरी कर दिया गया है। इसके साथ ही ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार की अवधि भी बढ़ाई गई है।

## केवल सात हजार ही करना होता है दूल्हा-दुल्हन के श्रृंगार पर खर्च

# चांदी की चमक से सरकारी शादी का श्रृंगार फीका, मंगलसूत्र का वजन हो सकता है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चांदी की चमक से सरकारी शादी की श्रृंगार फीकी पड़ सकती है और मंगलसूत्र का वजन कम हो सकता है। कारण चांदी की कीमत अभी इतनी तेजी पर है कि सरकारी शादी में दुल्हन को दी जाने वाली मंगलसूत्र का वजन भी कम हो सकता है। 10 ग्राम चांदी की कीमत ढाई हजार से अधिक है। दुल्हन के लिए चांदी का मंगलसूत्र दिया जाता है। दूल्हा-दुल्हन के श्रृंगार में केवल सात हजार ही खर्च करने का प्रावधान रहता है। इसमें दोनों के कपड़े से लेकर अन्य श्रृंगार का सामान शामिल है। दुल्हन का मंगलसूत्र भी इसी राशि से ही लेनी होती है। ऐसे हालात में सरकारी शादी पर महंगाई का असर पड़ सकता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए 50 हजार का प्रावधान है। इसमें कन्या याने दुल्हन के खाते में बतौर कन्या दान 35 हजार जमा कर दिया जाता है। बाकी 15 हजार में 8 हजार व्यवस्था और 7 हजार श्रृंगार में खर्च करने का प्रावधान है। अब इतनी कम राशि में किस तरह सरकारी शादी का खर्च मैनेज होगा यह गंभीर विषय है। चूंकि केवल चांदी की कीमत ही नहीं बल्कि अन्य सामान भी काफी महंगे हैं। इसके कारण व्यवस्थाएं तो ठीक हो सकती है, लेकिन श्रृंगार फीकी पड़ सकती है। दूल्हा-दुल्हन के श्रृंगार में दोनों के कपड़े के साथ अन्य सामान भी शामिल है।





सीएम कन्या विवाह के लिए दुल्हन की तरह सजकर तैयार हुआ पंडाल

### 190 जोड़ों की होगी शादी

आज सरकारी मंडल में 190 जोड़ों की शादी होगी। महिला बाल विकास विभाग की ओर से इसकी तैयारी मिनी स्टेडिशम में पूरी कर ली गई है। सामूहिक शादी के लिए टेंट से अग्निकुंड एक साथ लगाया गया है जिसमें एक के पीछे पांच या सात जोड़ों का विवाह होगा। मंत्रोच्चार के साथ यह शादी होगी। इसके लिए विभाग की ओर से अलग-अलग पंडितों की व्यवस्था की गई है। पूरी शादी सामाजिक रीति-रिवाज के साथ होगी।

### कहां कितने जोड़े

जिले के सभी तहसीलों से इस सामूहिक शादी में दूल्हा दुल्हन शामिल होंगे। हर तहसील या परियोजना को 30-30 जोड़ों का टारगेट दिया गया था। इसमें कुछ जोड़ों की एक बार शादी हो चुकी है। अभी 190 जोड़ों की शादी होगी। इसमें घरघोड़ा में 30, लैलूंगा और मुकडेगा में 30-30 और बाकी अन्य ब्लॉकों से 15-15 जोड़े शामिल होंगे। घरघोड़ा, लैलूंगा और मुकडेगा में इसके पहले हुई शादी में कोई शामिल नहीं हुआ था।

50 हजार का प्रावधान रहता है। इसमें शादी के बाद 35 हजार तो दुल्हन के खाते में जमा कर दिया जाता है। 7 हजार श्रृंगार और 8 हजार व्यवस्था में खर्च करने का प्रावधान है। महंगाई तो है, लेकिन भव्य शादी कराने की व्यवस्था की जा रही है।

**एलआर कच्छप**
डीपीओ

## एनटीपीसी लारा में ब्लड डोनेशन कैंप 89 यूनिट संग्रह



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने 9 फरवरी को एनटीपीसी एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन लारा द्वारा फोर्टिस जिंदल हॉस्पिटल और हेल्थ डिपार्टमेंट एनटीपीसी लारा के साथ मिलकर आयोजित वॉलंटरी ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन किया। कर्मचारियों और सहयोगियों की भारी भागीदारी के साथ, सख्त स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 89 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। इस कार्यक्रम का मकसद स्थानीय अस्पतालों और ब्लड बैंकों को बहुत जरूरी ब्लड सप्लाई में मदद करना था। दान की गई यूनिट्स को फोर्टिस जिंदल ब्लड बैंक को सौंप दिया गया है, ताकि मेडिकल इमरजेंसी में ट्रांसफ्यूजन की ज़रूरत वाले मरीजों की मदद की जा सके। ब्लड डोनर्स को प्रोत्साहित करते हुए सुभाष ठाकुर ने ब्लड डोनर्स की सराहना की और इस नेक काम के लिए उनके वॉलंटरी और पूरे दिल से दिए गए समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# पांच दिनों तक संघर्ष करने के बाद ब्लास्ट में झुलसी दुधमुंही बच्ची की थम गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगल कार्बन फैक्टरी में हुई फर्नेश ब्लास्ट में बूरी तरह से झुलसी 9 महीने की दूधमुंही बच्ची की सांसे सोमवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे थम गई। पांच दिनों तक जीवन और मौत के बीच संघर्ष करते हुए आखिरकार मासूम ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। सबसे दुखद पहलू यह है कि पिता और दादा की हालत भी काफी गंभीर बताई जा रही है। मां, पिता और दादा भी उसी अस्पताल में भर्ती हैं जहां मासूम बच्ची का इलाज चल रहा था और जहां वह अंतिम सांस ली है। ऐसे में मां, पिता और दादा अपने जिगर के टुकड़े का दर्द सहें या अपना खुद की हालत पर तरस खाएं। जो भी हो इस परिवार पर अब तो दुखों का पहाड़ टूटा है।

बीते 5 फरवरी को खरसिया ब्लॉक के बानीपाथर कार्बन प्लांट में फर्नेश ब्लास्ट हो गया था। इसमें 9 महीने के मासूम बच्ची के साथ उसकी मां, पिता और दादा सभी गंभीर रुप से झुलस गए थे। उनके साथ एक परिवार के मां—बेटे और एक अन्य भी गंभीर रुप से जले थे। सभी को रायपुर स्थित एक नीजि अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। पांच दिनों से वहां उनका इलाज चल रहा था। इसी बीच सोमवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे 9 महीने की दूधमुंही बच्ची की मौत की दुखद खबर ने जिलेवासियों को हिला दिया। वह बच्ची जिसके मुंह से अब तक मां पिता या दादा-दादी जैसे शब्द निकले ही नहीं थे। अब उसी बच्ची का अपने हाथों से अंतिम संस्कार करना पड़ेगा। यह दुख उनके परिवार के बज्रपात से कम नहीं है। खास बात यह है कि बच्ची मां, पिता और दादा सभी वहां इलाज के लिए भर्ती हैं। ऐसे में उसे लेकर गांव कौन आएगा यह सोचने वाली बात है।



### पिता और दादा भी गंभीर, उनका चल रहा है रायपुर के नीजि अस्पताल में इलाज

### कभी किसी को नहीं दी गई ट्रेनिंग

मंगल कार्बन प्लांट में काम करने वाले अधिकांश लोग अकुशल श्रमिक के रुप में ही हैं। उनको कभी प्लांट में काम करने के नाम पर कोई ट्रेनिंग नहीं दी गई । जबिक हर दिन यहां दो से तीन सौ लोग काम करते हैं। यहां के अधिकारी भी कभी इस प्लांट में झांकने तक नहीं जाते हैं। ऐसे में प्लांट संचालकों की मनमानी चलती है। इस हादसे के बाद हर दिन अनियमितताओं का नया-नया मामला सामने आ रहा है। दूसरी ओर गंभीर धाराएं भी औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से लगाया गया हे। एक दो दिनों में श्रम न्यायालय में उनके खिलाफ याचिका भी दायर कर दिया जाएगा।

इस दुखद घटना के बाद तो जैसे खरसिया क्षेत्र में एकबारगी लोगों में जों चिंगारी था वह आग की लपटों में तब्दील हो गया है और प्लांट संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे हैं।

## दो गुटों में हुई मारपीट, 4 नाबालिग समेत 6 आरोपी पुलिस हिरासत में

**रायगढ़।** दो दिन पहले सोशल मीडिया पर लक्ष्मीपुर स्थित शोरूम के पास दो गुटों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई की गई है। इस घटना में शामिल 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनमें 4 विधि से संघर्षरत बालक और दो युवक शामिल हैं। प्रकरण में दीनदयाल कॉलोनी निवासी एक स्कूली छात्र ने 6 फरवरी को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 6 फरवरी की शाम वह अपने दोस्तों के साथ स्कूटी से घड़ी चौक से घर लौट रहा था। लक्ष्मीपुर स्थित शोरूम के सामने पहले से खड़े अभय सिंह ठाकुर, कपिश मित्तल एवं उनके साथियों ने पुरानी रंजिश स्कूली झगड़ा विवाद को लेकर उसका रास्ता रोका और एक राय होकर हाथ-मुक्के, पंच, डंडा और अन्य हथियार से मारपीट की। घटना का वीडियो लोगों ने बनाया जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। घायल छात्र को राहगीरों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। अभय सिंह ठाकुर पिता शंतेश्वर सिंह 19 निवासी बैकुंठपुर महावीर चौक, कपिश मित्तल पिता गोविंद मित्तल 18 साल निवासी कयाघाट को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी आहत की रिपोर्ट पर कोतवाली में धारा 115, 2, 126, 2, 296, 351,3,3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।




# ई.रोजगार पोर्टल आधारित प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की नीति के तहत आज शासकीय आईटीआई रायगढ़ में एक ई.रोजगार पोर्टल आधारित प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में स्थायी और गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस कैंप में 9 प्रमुख नियोजकों ने भाग लिया और कुल 286 रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू की गई। युवाओं की उत्साही भागीदारी ने इस आयोजन की सफलता को और भी बढ़ा दिया। प्लेसमेंट कैंप में कुल 189 युवाओं ने साक्षात्कार के लिए पंजीकरण कराया।



## जनदर्शन, पीजीएन एवं पीजी पोर्टल प्रकरणों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

# आवेदनों को औपचारिकताओं में न उलझाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई अब स्वीकार्य नहीं होगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने सोमवार को यह चेतावनी बैठक में अधिकारियों को दिया।

उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक प्रत्येक सोमवार को आयोजित जनदर्शन में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में सभी विभाग प्रमुख संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों का परीक्षण करें, ताकि केवल औपचारिकताओं के कारण समाधान में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जनदर्शन, पीजीएन एवं पीजी पोर्टल से जुड़े लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित रखना प्रशासनिक उत्तरदायित्वों के विपरीत है। 10 दिवस से अधिक समय से लंबित मामलों पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े यह सुनिश्चित करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।



### योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पर जोर

बैठक के दौरान जल संचय योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल में प्रविष्टि की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने घरघोड़ा, तमनार, छाल, धरमजयगढ़ एवं कापू क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए अधिक से अधिक प्रस्ताव तैयार करने करने के निर्देश दिए। बैठक में अवॉर्ड पारित प्रकरणों में अभिलेख दुरुस्ती की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में आयोजित किए जाने वाले चावल उत्सव को लेकर सभी उचित मूल्य दुकानों में चावल भंडारण की स्थिति की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ आज

**रायगढ़।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर रायगढ़ अर्बन और विकासखंड घरघोड़ा, लोईग में 10 से 12 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूल, कॉलेज, तकनीकी संस्थानों और स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हाथीपांव की दवा वितरित की जाएगी। इस दौरान जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को दवा सेवन के महत्व और सावधानियों से अवगत कराया जाएगा।

### मुफ्त इंटरनेट सेवा की मांग तेज

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहे राउरकेला में सभी क्षेत्रों में मुफ्त सार्वजनिक इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने की मांग उठने लगी है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार यादव ने प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर राउरकेला महानगर निगम क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से मुफ्त वाई फाई सुविधा शुरू करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि राउरकेला देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में शामिल होने के साथ साथ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चयनित शहर है, जहां आधुनिक शहरी सुविधाओं और डिजिटल सेवाओं का विस्तार प्राथमिकता होनी चाहिए। वर्तमान समय में इंटरनेट शिक्षाए ई गवर्नेंस, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और व्यापार से जुड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। इसके बावजूद शहर के कई क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण इंटरनेट सुविधा समान रूप से उपलब्ध नहीं हैए जिससे डिजिटल असमानता बनी हुई है।

### 500 करोड़ स्वीकृत, जिलों को मिले केवल 100 करोड़

**राउरकेला।** पिछले वर्ष के बजट में ओडिशा सरकार ने पश्चिम ओडिशा विकास परिषद के लिए 500 करोड़ रुपए की अनुदान राशि की घोषणा की थी। हालांकि एक वर्ष के भीतर राज्य सरकार की ओर से जिलों को केवल 100 करोड़ रुपये ही जारी किए गए हैं यह जानकारी परिषद कार्यालय के सूत्रों से सामने आई है। इसमें से भी कितनी राशि खर्च हुई है इसका स्पष्ट हिसाब उपलब्ध नहीं है। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिम ओडिशा विकास परिषद की गतिविधियां धीमी पड़ गई हैं। पिछले दो वर्षों से परिषद के लिए स्थायी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। पश्चिम ओडिशा का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायकों, सांसदों और विशेषज्ञों को शामिल कर परिषद का गठन भी अब तक नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप इतनी बड़ी राशि स्वीकृत होने के बावजूद क्षेत्र को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाया। डब्ल्यूओडीसी के पूर्व परिषद सदस्य तथा बरगढ़ के पूर्व विधायक देवेश आचार्य ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार द्वारा स्वीकृत राशि के अलावा पूर्व बीजेडी सरकार के समय की लगभग 1000 करोड़ रुपये की शेष राशि तथा विभिन्न परियोजनाओं के लिए 600 से 700 करोड़ रुपये भी विभिन्न जिलों में खर्च नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में इस निधि से बड़े परियोजनाओं पर खर्च नहीं हो सका है।

### एक दिन बाद शुरू होगी प्रो लीग हॉकी

**राउरकेला।** वर्षों बाद राउरकेला में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। आगामी 10 तारीख से विश्व के सबसे बड़े बिरसा मुंडा स्टेडियम में पुरुष हॉकी प्रो लीग का आयोजन शुरू होगा। जिले के असंख्य हॉकी प्रेमी इस प्रतियोगिता का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता स्थानीय दर्शकों के उत्साह और रोमांच को दोगुना कर रही है, क्योंकि 24 सदस्यीय भारतीय टीम में सुंदरगढ़ में जन्मे 5 खिलाड़ी शामिल हैं। ये खिलाड़ी हैं कृ अमित रोहिदास, अमनदीप लाकड़ा, रोशन कुजूर, शीलानंद लाकड़ा और नीलम संजीप खेस। भारतीय टीम की रक्षा पंक्ति के मजबूत स्तंभ माने जाने वाले अमित रोहिदास ने हाल ही में समाप्त हुई हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने राउरकेला में घरेलू दर्शकों के सामने विश्व कपए हॉकी प्रो लीग और एचआईएल जैसे बड़े टूर्नामेंटों में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया है। उनके साथ रक्षा पंक्ति में ब्रेकआउट खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा भी शामिल होंगे। 21 वर्षीय इस ड्रैग फ्लिकर ने हाल ही में समाप्त हॉकी इंडिया लीग में टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

---

**सब्जी बनाने को लेकर हुआ विवाद बना कत्ल की वजह**

# गर्भवती पत्नी की हत्या कर दो साल की बच्ची को लेकर भागा हत्यारा पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नारायणपुर थाना क्षेत्र में एक मामूली घरेलू विवाद ने भयावह रूप ले लिया। सब्जी पकाने की बात पर पति ने अपनी छह माह की गर्भवती पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी अपनी दो साल की मासूम बच्ची को लेकर फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

- वारदात से दहला नारायणपुर इलाका, आरोपी गिरफ्तार

जेठू विश्वकर्मा ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बेटी कमला विश्वकर्मा आरोपी स्वदेश उर्फ सुदेश राम कोरवा उम्र 27 वर्ष के साथ रहती थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध के बाद वे साथ रहने लगे थे। उनकी एक दो वर्षीय बेटी है और कमला छह माह की गर्भवती थी। करीब एक सप्ताह पहले आरोपी अपनी पत्नी और बच्ची को लेकर ग्राम ढोठीपहरी, कुरूम ढोढा स्थित अपने



नाना के घर गया था। 6 फरवरी 2026 की शाम लगभग 7:30 बजे पति-पत्नी के बीच सब्जी बनाने को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आरोपी ने पास रखा लकड़ी का डंडा उठाया और कमला के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी दो साल की बच्ची को लेकर भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मर्ग कायम कर शव पंचनामा किया गया। फॉरेंसिक टीम और दंडाधिकारी की मौजूदगी में जांच हुई। पोस्टमार्टम की शॉर्ट रिपोर्ट में मौत का कारण मारपीट से आई हत्यात्मक चोट बताया गया। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को उसके गृह ग्राम ढोढ़ीबहार, चौकी दोकड़ा से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना नारायणपुर के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने त्वरित दबिश देकर आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समय रहते गिरफ्तारी से क्षेत्र में आक्रोश की स्थिति को भी नियंत्रित किया जा सका।

### विवेचना जारी

डीआईजी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने बताया कि पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की विवेचना जारी है।

# ईब नदी में रेत चोरी पर सख्त कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

सहायक खनि अधिकारी जशपुर ने बताया कि ईब नदी में रेत चोरी और अवैध खदान के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच 09 फरवरी 2026 को की गई। जांच के दौरान ईब नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर भण्डारित की गई कुल 960 घनमीटर रेत को अभय कन्स्ट्रक्शन, जशपुर से जप्त किया गया। इस मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वैध एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु फरसाबहार क्षेत्र में दाईजबहार एवं खारीबहार रेत खदान घोषित कर उनके ऑनलाइन आबंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। ताकि निर्माण कार्यों के लिए वैध रूप से रेत की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। खनिज अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी जिले के समस्त क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण से संबंधित मामलों की नियमित जांच की जाएगी।

- 960 घनमीटर अवैध रेत जब्त, खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज

## जीआई टैग की प्रतीक्षा में पेयूआ बिरी, दस्तावेज विवि में जमा



**केंदुझर।** केंदुझर जिले के प्रसिद्ध फूलबड़ी फुलौरी में उपयोग होने वाली मुख्य सामग्री पेयूआ बिरी को जीआई टैग भौगोलिक संकेतक मान्यता दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस पर शोध कर रहे जूड़िया स्थित रीजनल रिसर्च एंड ट्रांसफर टेक्नोलॉजी स्टेशन आरआरटीटीएस ने संबंधित सभी दस्तावेज ओयूएटी ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी में जमा कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार ओयूएटी की ओर से जीआई टैग प्राप्त करने के लिए आगे प्रयास किए जाएंगे। केंदुझर जिले की फूलबड़ी पूरे राज्य में काफी प्रसिद्ध है। इसके निर्माण में उपयोग होने वाली पेयूआ बिरि की खेती केंदुझर के अलावा लगभग कहीं और नहीं होती। यह फूलबड़ी के स्वाद को कई गुना बढ़ा देती है, इसलिए इसके संरक्षण को अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। दो वर्ष पहले तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने केंदुझर कृषि फार्म का दौरा कर वैज्ञानिकों को पेयूआ बिरि पर अधिक शोध करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद इस दिशा में अनुसंधान शुरू हुआ।

## वार्षिकोत्सव में विधायक टोप्पो ने उत्कृष्ट बच्चों का किया सम्मान



**राउरकेला।** केजीब्लेफ्स इंग्लिश मीडियम स्कूल कापू में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ राम कुमार टोप्पो विधायक सीतापुर के आतिथ्य में वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। स्कूल के संस्थापक ने बताया कि शिक्षा वह है जो अच्छी संस्कार, नैतिकता, सत्यता और सभ्यता विकसित करे। सम्मानपूर्वक जीवन जीने को प्रेरित करे। संतो गुरुओं महापुरुषों के विचारों, आदर्शों और नैतिकता के हो रहे हास की पुनर्स्थापना करे।श क्षिा के रटन्त प्रणाली से परे प्रयोगों और प्रेक्षणों पर आधारित अंधविश्वास के विपरीत तर्क बुद्धि और चिंतन विकसित करें ऐसी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शाला खोली गई है। तीन दिवसीय इस उत्सव में प्रथम दिन खो खो, कबड्डी, फ्रॉग जम्प, स्पून रेस, बॉटल गेम, चेयर रेस, वन टेग, कपल रेस, नम्बर रन, बैलेंस बॉटल आदि खेल द्वितीय दिवस ड्राइंट, पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न हुई तीसरे दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से मुख्यातिथि विधायक टोप्पो एवं विशिष्ट अतिथि नीरज शर्मा मण्डल अध्यक्ष कापू चंद्रसेनी दुष्यंत राठिया ककब श्यामबिहारी, विनय शर्मा, धर्मपाल गुप्ता, सोहन टण्डन, भानु टण्डन, कृत कास्ते आदि मौजूद थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच जिला महोत्सव की रंगारंग शुरूआत



**सुंदरगढ़।** बहुप्रतीक्षित जिला महोत्सव यात्रा 2026 का स्थानीय यात्रा मैदान, सुंदरगढ़ में बड़े उत्साह और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री, ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई, राउरकेला विधायक, सदर विधायक योगेश कुमार सिंह तथा सुंदरगढ़ नगरपालिका की अध्यक्ष श्रीमती तनया मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ. शुभंकर मोहापात्रा ने की। सभा को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और आगामी सुभद्रा शक्ति मेला की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अधिक संख्या में भाग लेकर महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद ने यात्रा में कलाकारों और प्रस्तोता कलाकारों की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## चांदी की चेन के लिए दोस्त ने ली दोस्त की जान

**ब्रजराजनगर।** झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर थाना अंतर्गत रामपुर चौकी क्षेत्र के कुकुरिकानी टांगर्घाट जंगल में हुए साहिल सहिस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में शामिल साहिल के पांच नाबालिग दोस्तों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार,एक चांदी की चेन को लेकर हुए विवाद में दोस्त ने ही दोस्त की हत्या कर दी। झारसुगुड़ा के एसपी गुंडाला रेड्डी राघवेंद्र ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। बताया गया कि मृतक साहिल से पहले पांच दोस्तों में से एक मुख्य आरोपी ने चांदी की चेन ली थी, जिसे बार बार मांगने के बावजूद वापस नहीं किया गया। घटना के दिन साहिल अपने दो दोस्तों के साथ टांगर्घाट गया था, जहां पहले से तीन अन्य दोस्त मौजूद थे। चेन को लेकर वहां साहिल और मुख्य आरोपी के बीच विवाद हो गया। टांगर्घाट के एक तालाब किनारे बहस के दौरान मुख्य आरोपी ने अचानक साहिल पर हमला कर दिया। इस दौरान अन्य दोस्तों ने मिलकर साहिल को काबू में कर लिया और उसे जंगल के भीतर ले गए। वहां मुख्य आरोपी ने फिर से हमला किया और उसके हाथ बांध दिए। बाद में सभी ने मिलकर साहिल को एक तिरपाल में लपेटकर रस्सी से बांध दिया और वहीं छोड़कर फरार हो गए। एसपी के अनुसारए यह पूरी घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे से लेकर दस बजे तक चली। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार, चांदी की चेन तथा खून से सना एक शर्ट बरामद किया है।

- झारसुगुड़ा के ब्रजराजनगर में हत्या मामले में 5 नाबालिग दोस्त पुलिस हिरासत में

## बिसरा में करोड़ों की सरकारी भूमि को किया कब्जा मुक्त



राउरकेला। बिसरा ब्लॉक के चेक गेट के पास जिला प्रशासन ने करोड़ों के मूल्य की करीब एक एकड़ सरकारी गोचर चरागाह भूमि पर बने अवैध निर्माणों के खिलाफ शनिवार छह जनवरी को बुलडोजर द्वारा कार्रवाई की। प्रशासन ने लगभग एक एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए 6 घरों को ध्वस्त किया और सभी दीवार तोड़ दिया गया यह कार्रवाई मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अभियान के दौरान बिसरा तहसीलदार प्रेमानंद उरमा और बिसरा थाना प्रभारी मनोरंजन कुम्भार सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। हालांकि बिसरा क्षेत्र के मुख्य सड़क किनारे व अन्य तहसीलों जैसे लाठीकाटा, कुआरमुण्डा, राउरकेला में अभी भी कई सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण बने हुए हैं। भूमाफियाओं ने तो सरकारी एजेंसियों द्वारा जब्त जमीन पर प्लॉटिंग, जंगल जमीन पर आलिशान कार्यालय व अन्य महंगे जमीनों पर कब्जा जमाए बैठे हैं।

## जतरा व सुभद्रा शक्ति मेला की सांस्कृतिक शोभायात्रा



**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिला महोत्सव जतरा एवं सुभद्रा शक्ति मेला 2026 के शुभ अवसर पर शनिवार को भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा का आयोजन किया गयाए जिससे पूरा सुंदरगढ़ नगर उत्सव और उल्लास के रंग में रंग गया। राजबाड़ी स्थित समलेई मंदिर में विधिवत पूजा.अर्चना के उपरांत मशाल प्रज्वलन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस शोभायात्रा में केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, जिला परिषद उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई, सदर विधायक योगेश कुमार सिंह, रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती, नगराध्यक्ष तनया मिश्रा, उपाध्यक्ष ललाटेंदु परिड़ा सहित जिला कलेक्टर, उप कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में दुलदुली वाद्य यंत्रों की गूंज, आदिवासी पारंपरिक नृत्य दलों की मनमोहक प्रस्तुतियां, विभिन्न संस्थाओं के सांस्कृतिक दलए विभागीय झांकियां, कीर्तन मंडलियां एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने नगरवासियों का मन मोह लिया।

## भागवत कथा में पहुंचे महेश कथा व्यास से लिया आशीर्वाद



**खरसिया।** संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महाकाल यादराम बाबा धाम की पावनधरा डोंगरीडीह हसौद में कथा व्यास देश की प्रसिद्ध कथावाचक साध्वी पूज्य प्राची देवी की सुमधुर वाणी में आयोजित की जा रही है। श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में महेश साहू ने कथा श्रवण कर भगवान श्रीकृष्ण का पूजन कर कथा व्यास साध्वी पूज्य प्राची देवी से क्षेत्र खुशहाली और उन्नति का आशीर्वाद लिया। आज के कथा प्रसंग में साध्वी पूज्य प्राची देवी ने भगवान श्री कृष्ण जन्म कथा एवं बाल लीलाओं का अपनी सुमधुर वाणी में वर्णन किया कन्हैया के रस भरे भजनों से श्रोता श्री कृष्ण की भक्ति रस के आनंद में सराबोर हुए। बताते चलें कि महाकाल यादराम बाबा धाम की पावनधरा धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है यहां पहुंचने वाले भक्तों की समस्त मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

**56 भोग और मटकी फोड़ लीला बनी आकर्षण का केंद्र**

# भागवत कथा के पांचवें दिन भक्ति में डूबा जशपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का पांचवा दिन रविवार को भक्ति, उल्लास और आनंद के अद्भुत एवं अलौकिक रस डूबा हुआ देखने को मिला। कथा स्थल भक्तिरस से सराबोर रहा, जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन, भव्य झांकियां और संगीतमय भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- भव्य झांकियों ने रासलीला से पूर्व रचा अलौकिक वातावरण

पांचवें दिन की कथा के जजमान महेंद्र अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी अग्रवाल रहे। विधिवत पूजन-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर एवं रसपूर्ण वर्णन किया। कथा को रासलीला के पूर्व प्रसंग तक सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान मटका फोड़ लीला का आयोजन भी संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को जीवंत कर दिया और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। झांकी का प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली रहा, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। कथा के समापन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसे आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ संपन्न कराया।



### भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किए गए। विशेष बात यह रही कि श्रद्धालु अपने-अपने घरों से विविध प्रकार की मिठाइयाँ, पकवान और प्रसाद बनाकर लड्डू गोपाल के लिए लेकर पहुंचे। 56 भोग से सजा भगवान का दरबार देखने लायक रहा और पूरे पंडाल में भक्तिभाव का माहौल बना रहा।

### भजनों पर झूमे भक्त

कथा के दौरान "युग-युग जिए रे लाल, मैया यशोदा के लाल", "नंद के आनंद भयो", "छोटी-छोटी गैया, छोटे-छोटे ग्वाल" सहित अनेक संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते नजर आए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सहभागिता विशेष रूप से देखने को मिली।

### झांकी रही आकर्षण

कथा के पांचवें दिन की झांकी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। वृंदावन से पधारे आचार्य कौशल महाराज के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा तैयार की गई झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भागवत कथा में जिस-जिस प्रसंग का पाठ चलता है, उसी के अनुरूप झांकी तैयार कर उसका सजीव प्रदर्शन करने की कला दर्शकों को अत्यंत भावुक कर गई। सुंदर सजावट, भावपूर्ण प्रस्तुति और बाल कलाकारों की सहज अभिव्यक्ति झांकी की विशेष पहचान रही।

**हेल्थ न्यूज**

# मरीजों के लिए एक नई ज़िंदगी का सहारा बन रहा आर एल हॉस्पिटल

**रायगढ़।** यदि जीवन की तमाम विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए कोई भी शख़्स पवित्र मन से एक उद्देश्य के साथ अनवरत अपने पथ पर आगे बढ़ते रहते हैं तो उस इंसान को वक्त भी एक दिन कामयाबी के सिंहासन पर अवश्य विराजित करता है। जीवन के यथार्थ इस उक्ति को कुछ यूँ ही चरितार्थ किए हैं शहर के अत्यंत ही लोकप्रिय नामचीन चिकित्सक विशेषज्ञ रतन लाल अग्रवाल। जो विगत 1975 से जन सेवा के पवित्र उद्देश्य से चिकित्सा सेवा कार्य की शुरुआत किए। लम्हें गुज़रते गए और उनकी ज़िंदगी में एक से बढ़कर एक कठिन रास्ते आए तरह तरह की मुश्किल भरी परिस्थितियाँ निर्मित हुईं जिनका सामाना उन्होंने बड़े ही धैर्य से, विरासत से मिले संस्कार को हृदय में आत्मसात कर किए और केवल आगे बढ़ते गए। विगत 1996 से उन्होंने शहर के गौशाला निकट एक छोटी सी क्लीनिक से शुरुआत किए फिर पीछे मुड़कर न देखे और उनका पल केवल मरीजों की सेवा में व्यतीत होते गए। यही वजह है कि विगत 20 वर्ष की सेवा, समर्पण, मेहनत, धैर्य, पवित्र उद्देश्य और समाज के बेशुमार लोगों के विश्वास का प्रतिफल साथ ही उनको एक नयी ज़िंदगी देकर पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में कामयाब हुए हैं। वह छोटी सी क्लीनिक आज 8 फरवरी 2026 को 125 बिस्तर के साथ सर्वसुविधायुक्त चिकित्सकीय संसाधनों से अपडेट होकर नवनिर्मित हॉस्पिटल समाज के लोगों की सेवा में समर्पित हुआ।

### 2006 में आर एल हॉस्पिटल की स्थापना

बेहद मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी सुप्रसिद्ध मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ रतन लाल ने विगत 2005-2006 में जिले के विभिन्न तरह की समस्याओं से जुझ रहे मरीजों को राहत देने के साथ - साथ एक नयी ज़िंदगी देने के पवित्र प्रयोजन से 12 बिस्तर के साथ आर्थोपेडिक और मेडिसिन सुविधा के साथ आर एल चिकित्सालय का शुभारंभ किए जो अच्छी सुविधा व बेहतरीन सुविधा साथ ही मरीजों को नव जीवन मिलने व विश्वास के साथ विगत 2012 में 45 बिस्तर के साथ प्रगति हुई और रायगढ़ का प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी की भी शुरुआत हुई। वहीं अब अनवरत चिकित्सकीय सेवा से 125 बिस्तर की आधुनिक चिकित्सकीय संसाधनों व सुविधाओं से परिपूर्ण होकर समाज के मरीजों की सेवा में समर्पित हुआ है। जो डॉ श्री अग्रवाल के जीवन का ईश्वर की कृपा और समाज के तमाम लोगों के आशीर्वाद, स्नेह, अपनत्व व विश्वास की संदलमय शानदार कामयाबी का सुखद 20 वर्ष है।





# सिद्धांत ने मृणाल पर बरसाए फूल

**मुंबई।** मृणाल इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में'के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में दिखाई देंगे। मृणाल और सिद्धांत अपनी मूवी के प्रमोशन के लिए मुंबई में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस बीच सिद्धांत ने एक नहीं, दो बार मृणाल पर फूलों की बारिश की। एक बार तब, जब वे इवेंट के दौरान फैंस से बातचीत कर रहीं थीं और दूसरी बार स्टेज पर। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा था। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा था कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं।

## लाइफ Style



# नोरा

## परफॉर्म करने के बाद मनाया जन्मदिन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नोरा फतेही ने पहले परफॉर्म किया है। इसके बाद उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया है। इसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया है और एक पोस्ट लिखी है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 'एक तो कम जिंदगानी', 'गर्मी', 'स्नेक' और 'वन्दे मातरम्' गाने पर शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने सबसे आखिर में एक वीडियो शेयर किया जिसमें देखा जा सकता है कि वह परफॉर्म करके वापस आईं। उनके साथियों और करीबियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लोगों का शुक्रिया अदा किया, केक पर लगी मोमबत्ती बुझाई और कई लोगों को हग किया। परफॉर्मेंस और जन्मदिन मनाने का वीडियो शेयर करते हुए नोरा फतेही ने लिखा 'टी20 वर्ल्डकप की ओपनिंग सेरेमनी और मेरे जन्मदिन का सेलेब्रेशन, वाह। मैं खुशनसीब हूं। जय हिंद।' 6 जनवरी 1992 को जन्मीं नोरा फतेही मोरक्को मूल की भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। वह बॉलीवुड की फिल्म 'रोर' 'स्ट्रीट डांसर 3डी' और 'बी हैप्पी' जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

## हॉलीवुड मसाला



### 59 साल की उम्र में करेंगी

# चौथी शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैली बेरी जल्द ही शादी कर सकती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी सगाई की बात को कंफर्म किया। हाल ही में 'द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में हैली बेरी ने बताया कि वह वैन हंट संग शादी करेंगी। लेकिन यह शादी कब होगी इस बारे में उन्होंने कहा, 'जब वैन ने मुझसे शादी के लिए पूछा तो मैंने हां कर दी। लेकिन अभी हमारे पास शादी की तारीख को लेकर कोई अपडेट नहीं है। लेकिन मैं उनसे शादी जरूर करूंगी।' यह सुनकर शो में बैठे हुए हैली बेरी के फैंस काफी खुश हुए।



# कलाकार को काम के घंटे तय करने का हक हो

**मुंबई।** अदिति राव हैदरी फिल्मों में अलग-अलग जॉनर के किरदार निभाती हैं। सोशल इश्यूज पर बनी फिल्में भी उन्होंने की हैं। असल जिंदगी में भी वह कई मुद्दों पर अपनी बात रखती हैं। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री में लंबे काम के घंटों पर अपना नजरिया बताया है। अदिति राव हैदरी कहती हैं, 'मुझे लगता है कि यह हर व्यक्ति की अपनी पसंद है। अगर कोई कलाकार तय घंटे तक काम करना चाहता है, तो यह उसका पूरा हक है। अगर कोई अलग तरह से काम करना चाहता है, तो वह भी उसकी अपनी पसंद है।'वह आगे कहती हैं, 'फिलहाल मैं अपनी जिंदगी और अपने करियर के उस दौर में हूं, जहां जरूरत से ज्यादा घंटे काम कर रही हूं। लेकिन कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब सच में महसूस होता है कि एक्टर से अच्छा काम लेने के लिए उसको रिलैक्स रखना जरूरी होता है।





# ओ रोमियो का गाना पान की दुकान रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' की रिलीज पर रोक नहीं लगी है और ये 13 फरवरी को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले, इसका गाना 'पान की दुकान' खूब धूम मचा रहा है। इसमें शाहिद कपूर और दिशा पाटनी हैं और उनकी केमेस्ट्री भी जबरदस्त है। शुक्रवार को मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के गाने 'पान की दुकान' के लॉन्च के दौरान शाहिद कपूर को अचानक फैंस की भीड़ का सामना करना पड़ा। एक्टर ने कुछ लोगों को मंच पर आने के लिए इनवाइट किया था। देखते ही देखते, कई और लोग ऊपर चढ़ गए और उनके चारों ओर जमा हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अलग किया। वे कुछ देर के लिए मंच से हट गए, फिर वापस आकर कार्यक्रम में शामिल हुए। यह घटना तब घटी जब शाहिद तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म का प्रचार कर रहे थे।

# एआई का जादू! टाइटैनिक में ऐश्वर्या-राजेश बने जैक एंड रोज़

**मुंबई।** आजकल एआई हर फील्ड में एंट्री मार चुका है और लोग इसका भरपूर इस्तेमाल भी कर रहे हैं। एआई की मदद से अब न सिर्फ अतीत को भी देखा जा सकता है, बल्कि इससे अब फिल्में भी बनाई जाने लगी हैं। हालांकि, एआई का दुरुपयोग भी खूब हो रहा है, पर कई बार इसकी मदद से बनी कई ऐसी चीजें सामने आ जाती हैं, जो हैरान कर देती हैं। जैसे कि 'टाइटैनिक' का ये वीडियो, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अगर 'टाइटैनिक' बॉलीवुड में बनती और इसे ऐश्वर्या राय और राजेश खन्ना के साथ बनाया जाता, तो फिल्म कैसी होती, यह एआई की मदद से दिखाया गया है। एआई की मदद से इस वीडियो में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि अगर 'टाइटैनिक' में ऐश्वर्या राय, रोज़ का किरदार निभातीं और राजेश खन्ना, जैक का किरदार, तो फिर वो कैसे लगते।

## टीवी मसाला



# चंद्रिका ने वैलेंटाइन डे से पहले मिस्ट्री मैन को किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित लोगों के बीच सस्पेंस बढ़ाती ही जा रही हैं। उन्होंने अपने मिस्ट्री मैन के साथ एक वीडियो बनाया था और कहा था कि वह 8 फरवरी को बताएंगी वह शख्स कौन है। उसका नाम-पता क्या है। लेकिन, इस बार भी उन्होंने लोगों को चूरन थमा दिया। हालांकि ,जो लेस्टेस्ट रील पोस्ट की है, उसमें उन्होंने उस आदमी को थ्री-मैजिकल वर्ड 'आई लव यू' कह दिया है। साथ ही कैप्शन में भी प्यार उड़ेला है।चंद्रिका दीक्षित 2 फरवरी से ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही हैं। दिल्ली में वड़ा पाव बेचकर सुर्खियों में आईं और फिर 'बिग बॉस ओटीटी 3' का हिस्सा बनीं। और लंबे वक्त बाद अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगाकर वह चर्चा का विषय बन गई हैं। उन्होंने मिस्ट्री मैन को प्रपोज कर दिया है, जो अब सरदार जी के लुक में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में चंद्रिका कहती हैं, 'तुम गलत थे कि मुझे कभी प्यार नहीं हो सकता।' मिस्ट्री मैन ने पूछा, 'तुझे किससे प्यार हो गया?' वड़ा पाव गर्ल ने जवाब दिया, 'तुमसे।' इसके बाद वह पूछते हैं, 'सच्ची?' तो वड़ा पाव गर्ल कहती हैं, 'आई लव यू।' फिर दोनों एक-दूसरे को अपनी बाहों में भर लेते हैं। इस पर लोगों ने तरह-तरह के रिएक्शन्स दिए हैं। एक ने लिखा, 'ये मिस्ट्री मैन कभी सिख कभी मुसलमान बन जाता है।' ए ने लिखा, 'अनफॉलो करो और सब इसको मास रिपोर्ट करो।'

## कृतिका बनने जा रही हैं गौरव की दूसरी दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** 'कितनी मोहब्बत है' फेम कृतिका कामरा फाइनली शादी करने जा रहा हीं। उन्होंने गौरव कपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में पिछले साल ही बताया था। और अब खबर है कि ये दोनों फेरे वाले हैं। वह अपने रिश्ते को एक अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार हैं और शायद मार्च, 2026 में पति-पत्नी बन जाएंगे। हालांकि अभी कपल की तरफ से पुष्टि नहीं की गई है। 'कृतिका और गौरव साथ में खुश हैं और अच्छी लाइफ बिता रहे हैं। और वह अब अपने रिश्ते को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हैं। वह मार्च के आखिरी दिनों या अप्रैल के पहले हफ्ते शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं।' इस शादी में में उनके परिवार और दोस्त शामिल होंगे।



सोर्स ने बताया है कि मुंबई में कपल फेरे लेगा। फिलहाल उसकी सभी रस्मों की तैयारी में वो जुटे हुए हैं। कृतिका और गौरव ने सभी फंक्शन्स के बारे में अभी कुछ फाइनल नहीं किया हैं कि वह क्या कुछ करेंगे। मगर वह मुंबई में इंडस्ट्री के लोगों को रिसेप्शन जरूर देंगे। बता दें कि कृतिका और गौरव ने दिसंबर, 2025 में अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था।

# जब अमिताभ को कहा गया थर्ड रेट एक्टर

## साधा विदेशी सोच पर निशाना

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपनी बात फैंस तक पहुंचाते हैं। साथ ही वह नियमित ब्लॉग भी लिखते हैं। हाल ही में अपने एक ब्लॉग में उन्होंने एक पुराना और बुरा अनुभव साझा किया। साथ ही भारत की अंडर-19 विश्वकप जीत के वक्त 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री'वाले कमेंट को लेकर भी सफाई दी। ट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा था, 'अंडर-19 क्रिकेट इंडिया विश्व चैंपियन। दुश्मन को ठोक दिया। ब्लाइंड, महिला, पुरुष क्रिकेट, सभी विश्व चैंपियन। हम नंबर 1 हैं, शीर्ष पर है, विश्व में प्रथम हैं। हम तीसरे दर्जे के नहीं हैं, हम विश्व में प्रथम हैं। भारत माता की जय।'कई लोगों को अमिताभ बच्चन का 'तीसरे दर्जे के देश' वाली बात पसंद नहीं आई। इसी बात को लेकर अमिताभ ने एक ब्लॉग लिखकर पूरी कहानी साझा की है।





### पुराना अनुभव किया साझा


अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'मुझे एक देश (नाम नहीं बताऊंगा) में होने वाले फिल्म फेस्टिवल के लिए बुलाया गया था। प्लेन में मैंने उनका अखबार देखा, जिसमें मेरी एक फिल्म की तस्वीर थी। भाषा समझ में न आने पर मैंने एयर होस्टेस से पूछा कि क्या लिखा है। उसने कहा कि यह एक इंडियन फिल्म का पोस्टर है और अखबार में लिखा है कि इसका एक्टर देश में आ रहा है। मैं यह देखकर हैरान कि यह विदेशी देश हमारी फिल्मों से इतना प्रभावित कैसे और क्यों हो सकता है। लैंडिंग के बाद मुझे पता चला कि ऐसा क्यों था।'

### देश को तीसरे दर्जे का कहे जाने पर नाराज हुए

अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग में आखिरी में लिखते हैं, 'थर्ड रेट एक्टर वाली बात मैंने मान ली। लेकिन भारत को तीसरी दुनिया का देश कहा जाना मेरे लिए दुखद था। इसलिए मैं एक बार फिर अपनी बात को दोहरा रहा हूं। अंडर19 क्रिकेट इंडिया, वर्ल्ड चैंपियंस है। दुश्मन को हरा दिया है।' इस तरह अमिताभ बच्चन ने जता दिया कि क्यों उन्होंने 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री' वाला कमेंट पहले किया था। उनकी मंशा किसी को आहत करने की नहीं थी। वह सिर्फ विदेशी लोगों की भारत को लेकर सोच को उजागर कर रहे थे। साथ ही उन्हें करारा जवाब भर दे रहे थे।

# आयुष्मान-सारा की पति पत्नी और वो दो की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट बदल गई है। अब इसके लिए दर्शकों को इंतजार करना पड़ेगा। इस साल रिलीज होने जा रही फिल्मों की रिलीज डेट में बदलाव का क्रम जारी है। बीते दिन अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव का एलान किया था। आज रविवार को आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट भी बदलने की बात सामने आई है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' पहले होली के अवसर पर 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। मगर, अब यह फिल्म होली के मौके पर रंग नहीं जमाएगी, क्योंकि तारीख में बदलाव कर दिया गया है। दर्शकों के लिए इंतजार थोड़ा लंबा हो गया है। यह फिल्म अब गर्मियों में रिलीज होगी। बता दें कि ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने आज एक ट्वीट करके यह जानकारी दी है।



इसके मुताबिक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' अब 15 मई को रिलीज होगी। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान के अलावा रकुल प्रीत सिंह व वामिका गब्बी भी अहम भूमिका में हैं। दिलचस्प बात यह है कि पहले होली के अवसर पर रिलीज होने वाली यह फिल्म अब उस दिन रिलीज होगी, जिस दिन अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' आने वाली थी। अक्षय की 'भूत बंगला' पहले 15 मई को रिलीज हो रही थी। मगर, बीते शनिवार अक्षय कुमार ने बताया कि यह फिल्म अब 10 अप्रैल को रिलीज हो रही है। ऐसे में अक्षय की फिल्म की जगह पर 'पति पत्नी और वो दो' के मेकर्स ने कब्जा कर लिया।

## याद आ जाएंगे रिलेशनशिप के शुरुआती दिन

# वैलेंटाइन वीक में अपने पार्टनर के साथ देखें ये 6 रोमांटिक वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** वैलेंटाइन वीक प्यार और दोस्ती के लिए खास फेस्टिवल की तरह है। ये सात दिन का होता है, जो 7 फरवरी से 14 फरवरी तक चलता है। इस वीक में आप अपने खास लोगों से प्यार का इजहार कर सकते हैं। अगर आप लॉन्ग डिस्टेंस में हैं या आपके पास बाहर जाने का समय नहीं है, तो आप अपने पार्टनर के साथ घर बैठे इन 6 रोमांटिक वेब सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। ये सीरीज देखकर आपको एक बार फिर अपने रिलेशनशिप के शुरुआती दिन याद आ जाएंगे।

### मिसमैच्ड

प्राजक्ता कोली और रोहित सर्राफ की 'मिसमैच्ड' सबसे चर्चित रोमांटिक सीरीज में से एक है। इसमें आपको कॉलेज की लव स्टोरी देखने को मिलती है। इस सीरीज में आपको प्यार, तकरार और फिर से प्यार कैसे होता है, ये देखने को मिलेगा। इसके 3 सीजन आ चुके हैं और जल्द ही चौथा सीजन भी आने वाला है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### ब्रोकन बट ब्यूटीफुल

इस सीरीज में आपको दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही सोनिया राठी और विक्रांत मैसी लीड रोल में हैं। इस सीरीज की कहानी काफी इमोशनल है। किरदारों की लव लाइफ में काफी अड़चनें आती हैं, लेकिन प्यार कैसे बरकार रहता है, ये आप इस सीरीज में देख पाएंगे। ये सीरीज आपको एमएक्स प्लेयर और अमेजन प्राइम पर मिल जाएगी।



**लिटिल थिंग्स** : 'लिटिल थिंग्स' साल 2016 में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सीरीज में मिथिला पालकर और ध्रुव सहगल नजर आएंगे। सीरीज की कहानी में 'ध्रुव' और 'काव्या' की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जो कि लिव इन में रहते हैं। इसमें आपको एक लिव-इन कपल के बीच की नोक-झोंक और प्यार देखने को मिलेगा। अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ लिव-इन में रहते हैं, तो ये सीरीज आपके लिए है।

### मॉडर्न लव मुंबई

मॉडर्न लव मुंबई में 6 अलग-अलग लव स्टोरीज दिखाई गई हैं। सीरीज में फातिमा सना शेख, अरशद वारसी, प्रतीक गांधी और वामिका गब्बी अहम किरदार में नजर आएंगे। 'मॉडर्न लव' की खूबसूरती इसकी वैरायटी में है। यहां प्यार सिर्फ यंग कपल तक सीमित नहीं है। हर एक एपिसोड एक नयी कहानी है। ये 6 अनोखी कहानियां मॉडर्न प्यार और उसके महत्व पर आधारित हैं। इसे क्रिटिक्स से भी काफी सराहना मिली थी। इस सीरीज को आप अमेजन प्राइम पर देख सकते हैं।

### हॉस्टल डेज

इस सीरीज में आदर्श गौरव, एहसास चन्ना, निखिल विजय और आयुशी गुप्ता लीड रोल में हैं। इसमें रोमांस और कॉमेडी का शानदार बैलेंस है। अंकित और आकांक्षा की लव स्टोरी दर्शकों को कॉलेज के सुनहरे दिनों की याद दिलाती है। सीनियर्स की रैगिंग, पढ़ाई का दबाव और दोस्तों के साथ मस्ती इस सीरीज को और मजेदार बनाती है। अगर आप कॉलेज रोमांस और हॉस्टल लाइफ की मूवी या सीरीज पसंद करते हैं, तो यह सीरीज आपके लिए है। ये सीरीज आपको अमेजन प्राइम पर मिलेगी।

### फ्लेम्स

अमेजॉन प्राइम वीडियो की ये रोमांटिक सीरीज आपको अपने ट्यूशन के दिनों की याद दिला देगी। इस सीरीज में ऋत्विक साहोरे और तान्या मानिकतला अहम किरदार में हैं। किस तरह से ट्यूशन के टाइम पर प्यार और दोस्ती होती है। कैसे आप छुप-छुपकर अपने पार्टनर और दोस्तों से मिलते है, ये सब आपको इस सीरीज में देखने को मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री ने कराया जीएसटी से अवगत

**रायगढ़।** रायपुर में आयोजित 2026 कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। इस दौरान सेमिनार में ओपी चौधरी ने देश के आर्थिक सुधारों और जीएसटी व्यवस्था के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा , झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष डॉ. जस्टिस (से. नि.) संजय कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य जनों की मौजूदगी रही।

### 12-13 फरवरी को संभाग स्तरीय रोजगार मेला

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 एवं 13 फरवरी 2026 को शासकीय मॉडल आईटीआई कोनी बिलासपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता रहेगी। कंपनियों एवं वैकेंसी की विस्तृत जानकारी रोजगार विभाग के पोर्टल ईरोजगार सीजी डॉट जीओवी डॉट इनद्ध एवं सीजी रोजगार पंजीयन ऐप से प्राप्त की जा सकती है।

### सारंगढ़ में आज होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कृषि उपज मंडी प्रांगण सारंगढ़ में 10 फ़रवरी को दोपहर में 200 जोड़े का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। अतिथियों और पालको द्वारा इस समारोह में वर वधू को आर्शीवाद प्रदान किया जायेगा। सामूहिक विवाह रस्म का यह बहुत सुन्दर समारोह है।

### सरकारी तालाब जमीन में अवैध निर्माण की तैयारी

**बिलाईगढ़।** जल संसाधन विभाग के स्वामित्व वाले भरे हुए सरकारी तालाब की भूमि पर व्यावसायिक दुकानों के निर्माण की तैयारी की जा रही है। बिना वैधानिक स्वीकृति के इसका निर्माण करने का आरोप लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस भूमि पर निर्माण प्रस्तावित है, वह वर्तमान में जल से परिपूर्ण तालाब है। उक्त भूमि पर कथित रूप से व्यावसायिक निर्माण के लिए एनओसी जारी करने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक इस परियोजना में 58 दुकानों का ले आउट तैयार किया गया है। दुकानों की अनुमानित कीमत 15 से 17 लाख रुपये प्रति दुकान तय की गई है। आरोप है कि इस संबंध में न तो कोई आमसभा आयोजित की गई, न ही कोई सार्वजनिक सूचना या निविदा प्रक्रिया अपनाई गई।

### यूजीआईईई में पूर्व छात्र समारोह का उद्घाटन

**राउरकेला।** यूजीआईईई का चौथा पूर्व छात्र समारोह टेक फ्यूजन 2026 संस्थान परिसर में बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ विधिवत आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के लिए गर्व का क्षण रहा, जिसमें विशिष्ट अतिथियों और पूर्व छात्रों ने एकत्र होकर उपलब्धियों का उत्सव मनाया तथा अपने संस्थान के साथ संबंधों को और मजबूत किया। यूजीआईईई के नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार ज्ञान द्वारा ज्ञान का प्रवेश द्वार का औपचारिक उद्घाटन राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी कार्यकारी निदेशक आलोक वर्मा द्वारा किया गया।

## निधन...

### श्रीमती गायत्री देवी



**सरिया।** सरिया के कमल किशोर अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल की माता व कंचन मेडिकल के संचालक गोपाल अग्रवाल की भाभी श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल पति स्व. हर नारायण अग्रवाल की 9 फरवरी को दोपहर उनके गृह निवास में निधन हो गया । वे 82 वर्ष की थी तथा कुछ दिन से अस्वस्थ थी। धार्मिक प्रवृत्ति एवं सरल स्वभाव की धनी गायत्री देवी अग्रवाल की अंतिम संस्कार 10 फरवरी को सुबह 10 बजे अग्रवाल मुक्तिधाम सरिया में की जाएगी।

### हर सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से डाला जा रहा है कचरा

# छपोरा जल स्रोत पत्थर खदान में फ्लाईऐश औद्योगिक कचरा डंप, सेहत से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

■ मुख्य मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर है स्थित

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ अंतर्गत दुमहानी और बिलाईगढ़ मुख्य मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी में छपोरा के पत्थर खदानों में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकों के माध्यम से डाला जा रहा है। फ्लाईऐश औद्योगिक कचरा डंपिंग जिससे फैल रहा औद्योगिक ज़हर अब केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक चूक और निगरानी तंत्र की विफलता का गंभीर उदाहरण बनता जा रहा है। रायगढ़ जिले के औद्योगिक संयंत्रों से निकलने वाला फ्लाईऐश एवं औद्योगिक कचरा खुलेआम जल स्रोत युक्त पत्थर खदानों में डंप किया जा रहा है, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार विभाग ने कार्रवाई नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन 300 से अधिक भारी मालवाहक वाहन रायगढ़ से सारंगढ़, सरसीवां, भटगांव होते हुए बिलाईगढ़ क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। ये वाहन पूरे रास्ते सड़कों पर फ्लाईएश गिराते हुए चलते हैं, जिससे सड़कें सफेद परत में तब्दील हो चुकी हैं। जिन पत्थर खदानों में फ्लाईऐश और औद्योगिक डस्ट डंप किया जा रहा है, वहाँ प्राकृतिक जल स्रोत व जल संचयन की स्थिति मौजूद है। यह कृत्य पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 एवं जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 का सीधा उल्लंघन है। इसके बावजूद न तो खदानों को सील किया गया न वाहनों को रोका गया और न ही किसी अधिकारी की जवाबदेही तय हुई।





खनन एरिया और उसमें डंप कचरा।

**साक्ष्य के साथ शिकायत**

भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव मनीष चेलक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ को लिखित शिकायत एवं वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने की जानकारी दी जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। फ्लाईएश का महीन पाउडर हवा में घुलकर दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रहा है। आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और त्वचा रोग जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी धीरे धीरे जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ में बदल रही है।



## आयोग के अध्यक्ष ने बच्चों के भिक्षावृत्ति पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वंशिका शर्मा का एक दिवसीय दौरा के दौरान कहा कि सपेरा बस्ती भीखमपुरा के बच्चों के द्वारा सरिया एवं आसपास में भिक्षावृति की सूचना उन्हें मिली है। इस पर उन्होंने गहन चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए भी उचित कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के सुरक्षा, शिक्षा एवं उनके अधिकार के पालन के लिए प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को पत्र जारी कर उचित ग्रंवाई के लिए निर्देशित किया गया है। आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में बाल अधिकार संरक्षण के लिए बृहद रूप में कार्य किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वंशिका शर्मा शनिवार की शाम सरिया में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंची। इस दौरान उन्होंने बाल अधिकार संरक्षण पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरिया में मेरा पहला आगमन है और यहां के अभूतपूर्व स्वागत से मुझे सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए कटिबद्ध है। कई जगह सुनने में आ रहा है कि स्कूल के खेल मैदान में अतिक्रमण की चपेट में है। साथ ही साथ बच्चे भिक्षावृति कर रहे हैं। शिक्षाविद एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार के कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वंशिका शर्मा ने चर्चा में आगे कहा कि ख़ू सरिया में आना पहली बार हुआ है। लेकिन जो अपार स्नेह और दुलार मिला है। वह यहां की धारा पर ही जिस गुरुत्व का जिस स्नेह के साथ अनुभव हुआ है। अद्भुत व अविस्मरणीय है।एक बेटी के लिए किसी भी धरा पे जो कदम रखती है। जो मायके का प्यार दुलार होता है। जो मेरा मायके क्षेत्र है। तो वह उसके लिए हमेशा का धरोहर होता है जब जब व चुनौती का सामना करती है। ना तो यही धरोहर उसके लिए ताकत बन के उठेगी। यही ताकत आज मैं चाहती हूं की राजधानी से कोई कितनी भी दूर क्षेत्र हो कोई बच्चा असमानता का अनुभव ना करे यदि राजधानी में कोई बच्चा जितनी मानसिक जितनी शारीरिक और जितनी अवस्थाओं से संपन्न है उतनी ही संपन्नता हमारे प्रदेश के सुदूर वनांचलो में भी हो। स्कूलों के खेल ग्राउंड के बारे में कहा कि बच्चों के खेल के लिए सम्पूर्ण ब्यवस्था होने चाहिए। इसके लिए प्रदेश सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है। सरिया आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरूण शराप, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी, नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष शिव बैरागी, व गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया।

## टमटोरा वन अपराधों पर नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन

**सारंगढ़।** सोमवार को जिला मुख्यालय के टमटोरा रेस्ट हाउस में गोमर्डा अभ्यारण्य अंतर्गत वन अपराधों पर नियंत्रण एवं अपराध अन्वेषण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्रा वन्य प्राणी विशेषज्ञ एवं राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्य द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 पर विस्तृत प्रशिक्षण सुरक्षा हेतु एंटीसनेयर वॉक पर मार्गदर्शन दिया गया एवं फील्ड में एंटी स्नेयर वॉक भी कराया गया उक्त कार्यक्रम में एसडीओ अंकित पांडेय रेंजर विदेशी सिदार हीरालाल सरजाल एवं वन विभाग की पूरी टीम उपस्थित थे।



### वित्त मंत्री ने किया राष्ट्रपति का अभिनंदन



**रायगढ़।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बस्तर पंडुम के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत दिल्ली वापसी के दौरान रायपुर विमानतल पर हार्दिक अभिनंदन करते वित्त मंत्री ओपी चौधरी।

## कुड़ेकेला धान मंडी में हाथी का आतंक 30 हजार क्विंटल धान पर संकट

**रायगढ़।** जिले के कुड़केला स्थित धान मंडी में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एक जंगली हाथी मंडी परिसर में घुस आया। हाथी ने मंडी में जमकर उत्पात मचाते हुए धान से भरी बोरियों को बेरहमी से इधर उधर पटक दिया, जिससे हजारों क्विंटल धान को नुकसान पहुंचने की आशंका गहरा गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथी के अचानक प्रवेश से मंडी परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। मंडी में कार्यरत कर्मचारियों ने किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने में ही भलाई समझी।

कर्मचारियों का कहना है कि श्रात के अंधेरे में अचानक हाथी मंडी के भीतर आ गयाए जान बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती बन गई। बताया जा रहा है कि वर्तमान में मंडी परिसर में लगभग 30 हजार क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर अब दोहरा खतरा मंडरा रहा है। एक ओर जंगली हाथियों का आतंक तो दूसरी ओर समय पर उठाव न होने की स्थिति में भारी आर्थिक नुकसान की आशंका। हाथी के उत्पात के बाद मंडी प्रबंधन और स्थानीय किसानों में दहशत का माहौल व्याप्त है। हाथी द्वारा बिखराए धान से भरी बोरियां अस्त व्यस्त पड़ी हुई हैं जिससे किसानों की मेहनत पर संकट के बादल छा गए हैं।

घटना के बाद वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए अलर्ट जारी कर दिया है और रात के समय मंडी की ओर जाने पर रोक लगा दी गई है। बावजूद इसके सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में खुले में रखे 30 हजार क्विंटल धान की सुरक्षा आखिर कैसे सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि कुड़केला धान मंडी पहले से ही विभिन्न विवादों को लेकर सुर्खियों में रही है। हाल ही में समाचार माध्यमों के जरिए मंडी से जुड़े अव्यवस्थाओं और विवादों की जानकारी सामने आई थी, और अब हाथी के आतंक ने मंडी प्रबंधन की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। यदि शीघ्र ही धान का उठाव एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई, तो किसानों को भारी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है।



### सेजेस के दो स्कूलों में 62 छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम

**सारंगढ़।** हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा में नियमित अपात्र एवं 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की सूची कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा रायपुर ने राज्य के सभी प्राचार्य से मांगी और सभी प्राचार्य ने जानकारी दी, लेकिन यदि कोई किसी के प्रति कोई पूर्व धारणा बना ले तो उसकी सच्चाई भी दिखाई नहीं देती, इस अर्थ को ताजा वाकया ने जीवंत कर दिया है। सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल सारंगढ़ स्कूल कोड 381033 के प्राचार्य एल पी पटेल के विरुद्ध शिकायत की गई है। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के बोर्ड परीक्षा में नियमित अपात्र एवं 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की सूची संभागीय कार्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बिलासपुर से प्राप्त हुई है, जिसमें बड़ी संख्या में सेजेस सरसीवा के लगभग 40 विद्यार्थी, सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल सारंगढ़ के लगभग 22 विद्यार्थी, हरदी हाईस्कूल में 6 विद्यार्थी सहित अन्य 3 स्कूल के 2.2 छात्र शामिल है।

## सांसद और विधायक के आतिथ्य में प्रांतीय क्षत्रिय राठौर समाज का शपथ ग्रहण

**खरसिया।** प्रांतीय क्षत्रिय राठौर समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रायगढ़ और शक्ति जिला के राठौर समाज के पदाधिकारयों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रायगढ़ लोक सभा सांसद राधेश्याम राठिया एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य व विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव चंद्रपुर विधायक, कमल गर्ग अध्यक्ष नगरपालिका खरसिया एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता सनत राठौर गुरुजी जांजगीर के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अपने उद्बोधन में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने अपने विधानसभा के सपिया गाँव मे राठौर समाज के भवन के लिये 12 लाख रुपये की घोषणा किये हैं' राठौर समाज के द्वारा रामकुमार जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया। विदित हो कि आज 07 फरवरी को स्थानीय रिया पैलेस खरसिया में प्रांतीय राठौर समाज के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जहां राठौर समाज के लोगों द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत ढोल तासो व फटाके फोड़ पुष्प वर्षाकर किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान और राज्य गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात राठौर समाज के लोगो द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। शपथ ग्रहण अधिकारी द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्यवक्ताओं द्वारा सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहाँ आप सभी वीर दुर्गादास की तरह निडरता और बहादुरी के साथ अपने समाज सहित देश की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। उक्त पूरे कार्यक्रम में युवा टीम व महिला टीम के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी भूमिका रही हैं। आज के पूरे कार्यक्रम में युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्की राठौर व उनके टीम के कारण पहली बार खरसिया में इतना भव्य आयोजन हुआ जिसका चर्चा पूरे खरसिया शहर में हैं। इस दौरान पवन राठौर प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रिय राठौर सभा, प्रदेश संरक्षक केदार राठौर, विनोद चंद्र राठौर, राजेंद्र राठौर पालू, परीक्षित राठौर, विक्की सिंह राठौर, युवा प्रदेश अध्यक्ष, राजेन्द्र लालू राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष, टंकेशवर राठौर प्रदेश मीडिया प्रभारी, छोटेलाल राठौर, नरेंद्र राठौर, ओमकार राठौर, राजेंद्र राठौर, श्रीमती अमिता विनोद राठौर, ताराचंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में राठौर समाज के लोग मौजूद रहे।



## बनोरा में 28 वें नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में बनोरा में आयोजित 28 वें निःशुल्क शिविर के जरिए 2349 मरीजों को लाभ मिला इन मरीजों में 1048 महिलाए 1011 पुरुष एवं 290 बच्चे शामिल हुए। अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट बनोरा के संस्थापक पूज्य पाद बाबा प्रियदर्शी राम के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोगों के लिए निरंतर मानव कल्याण हेतु स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर मुहैया कराई जा रही है। आज रविवार को सुबह पूज्य अघोरेश्वर के तैल चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात शिविर का विधिवत शुभारंभ आश्रम परिसर में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा ओड़िसा, बिहार और झारखंड के लोगो ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया।

मरीजों ने निर्धारित समय में कतारबद्ध होकर प्रातः 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन कराया। शिविर में आए मरीजों के पंजीयन के बाद सबंधित रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच करते हुए आवश्यकतानुसार पैथोलॉजी जांच की रिपोर्ट के आधार पर दवाओं का परामर्श दिया। दवा विक्रेता संघ एवं दवा प्रतिनिधि संघ रायगढ़ और बिलासपुर की टीम के जरिए सभी मरीजों को निः शुल्क दवाएं वितरित की गई। इस मैराथन शिविर में मरीजों की जांच प्रमुख रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश मिश्राए डॉ. अजय कुमार गुप्ता, डॉ. मनीष बेरीवाल, डॉ. जितेन्द्र कुमार नायक, स्त्री रोग विशेषज डॉ. सुचित्रा त्रिपाठी, डॉ. मधु दुबे, डॉ. मालती राजवंशी, डॉ. विभा हरिप्रिया, डॉ. मेनका पटेल, डॉ. भारती पटेल, डॉ. स्वाति मिश्रा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. केएन पटेल, डॉ. संजीव गोयल, डॉ. विनोद नायक, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. आर के गुप्ता, डॉ. अहर्निश अग्रवाल, डॉ. बालेश नायक, डॉ. दुष्यंत चौहान रायपुर, थायरॉयड एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. यस चड्ढा, जनरल सर्जन डा. अनिल हरिप्रिया, डा. राजू पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. प्रभात पटेल, डॉ. कांति डेम्ब्रा, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार पटेल, डॉ. जया साहू, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. नीलम नायक, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. प्रतीक आनंद, डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. अंकिता अवस्थी, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश पटेल, एलर्जी दमा टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. गणेश पटेल, जनरल फिजिशियन डॉ. अभिषेक अग्रवाल द्वारा की गई।



## बुलेट से पटाखा फोड़ने वाले मनचलों का आतंक, शोर से जीना मुहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

इन दिनों छाल क्षेत्र की सड़कों पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटा भरते बाइकर्स ने आम लोगों की नाक में दम कर रखा है। विशेषकर बुलेट और अन्य भारी मोटरसाइकिलों से पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने का चलन युवाओं के बीच तेजी से बढ़ा है, जो अब ध्वनि प्रदूषण के साथ साथ दहशत का कारण भी बन गया है।

शहर के रिहायशी इलाकों और मुख्य बाजारों में ये मनचले अचानक से बाइक से तेज धमाके जैसी आवाज निकालते हैं। इस कर्कश शोर से न केवल राहगीर डर जाते हैं, बल्कि सड़क किनारे चल रहे बुजुर्गों और दिल के मरीजों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक होने वाली इस आवाज एवं तेज गति से कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है ऐसे मनचलों पर आखिर कब कार्यवाही होगी। इन मनचलों के द्वारा तेज धमाके जैसी आवाज निकालने के साथ साथ इनकी गति भी बहुत तेज रहती है और रिहायशी इलाकों में भी जहां छोटे छोटे बच्चे खेलते रहते हैं तेजी से गुज़रते हैंए जिससे आए दिन दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है



